आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27.01.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से एक राष्ट्र एक चुनाव पर विस्तृत चर्चा करने का किया आग्रह।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में निवेश आमंत्रित करने के लिए आज चार दिवसीय यात्रा पर जापान रवाना हुए ।
- उत्तराखंड में आज से समान नागरिक संहिता हुई लागू, ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बना ।
- महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी पर प्रदेश में मनाया जाएगा मद्‌य निषेध संकल्प दिवस ।

**प्रधानमंत्री-एनसीसी रैली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से एक राष्ट्र एक चुनाव पर विस्तृत चर्चा करने का आग्रह करते हुए इसके तहत एक साथ चुनाव कराने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि कई चुनाव देश के लिए किए जाने वाले काम की गति और गति में बाधा डालते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के करिअप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक राष्ट्रीय कैडेट कोर-एनसीसी रैली में शामिल हुए। इस वर्ष की रैली का विषय 'युवा शक्ति, विकसित भारत' था। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के विकास में एनसीसी के योगदान की सराहना की।

**मुख्यमंत्री जापान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में निवेश आमंत्रण करने के लिए आज चार दिवसीय यात्रा पर जापान रवाना हुए । दिल्ली रवाना होने के पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने को लेकर उद्‌योगों पर ध्यान केन्द्रित कर रही है।

**बाइट: मुख्यमंत्री**

प्रदेश में 24 फरवरी से शुरू होने वाली दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के पहले मुख्यमंत्री जापान के टोक्यो, ओसाका और कोबे जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय उद्योगपतियों से राज्य में निवेश को लेकर संवाद करेंगे।

**राज्यपाल रायसेन**

रायसेन के ग्राम चिलवाह में अति पिछड़ी अनुसूचित जनजाति वर्ग के नागरिकों से राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जन मन योजना प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाभान्वित हुए अधिकारियों से भी चर्चा की एवं प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना अंतर्गत बनाए गए आवास का अवलोकन किया. राज्यपाल ने कहा कि योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन होने से नागरिकों के जीवन में बदलाव आ रहा है और उनके जीवन स्तर में सुधार हो रहा है । इस अवसर पर कलेक्टर अरविंद दुबे एसपी पंकज पांडेय जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजू पवन भदौरिया सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे।

**कांग्रेस रैली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज महू में आयोजित कांग्रेस की जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दलितों, पिछड़ों और गरीब जनरल कास्ट के लोगों को एक बार फिर गुलाम बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि 50 फीसदी आरक्षण की दीवार को हम लोकसभा-राज्यसभा में तोड़ देंगे। हम पहले कांग्रेस शासित राज्यों में आरक्षण 50 परसेंट से ज्यादा करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाकर इस दीवार को तोड़ेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी इसमें शामिल हुए। रैली में कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कई नेता शामिल हुए।

**उत्तराखण्ड यूसीसी**

उत्तराखंड में आज से समान नागरिक संहिता-यूसीसी लागू हो गई है। यह अधिनियम लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है। यूसीसी के अंतर्गत राज्य में धर्म की परवाह किए बिना अनुसूचित जनजातियों को छोडकर सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और विरासत पर एक समान नियम होंगे और विवाह तथा लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि इसका लक्ष्य सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करते हुए व्यक्तिगत नागरिक कानूनों का मानकीकरण करना है।

**मद्य निषेध संकल्प दिवस**

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी मध्यप्रदेश में मद्य निषेध संकल्प दिवस मनाया जाएगा। संचालनालय, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को अमल के निर्देश जारी किए हैं। मद्य निषेध संकल्प दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज और विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा त्यागने के लिए प्रेरित करना है। इसमें विभिन्न गतिविधियां जैसे सेमिनार, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पोस्टर प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा।

**सीतामऊ साहित्य महोत्सव**

मंदसौर जिले के सीतामऊ में 30 जनवरी से तीन दिवसीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस संबंध में मन्दसौर कलेक्टर अदिती गर्ग ने जानकारी दी कि साहित्य, कला एवं दर्शन क्षेत्र से जुड़ी देश की जानी मानी हस्तियों की उपस्थिति में मुख्य आयोजन 30, 31 जनवरी व 1 फरवरी को सीतामऊ में होगा। आयोजन को यादगार बनाने के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम में अलग-अलग दिन कई विधाओं से जुड़े रुचिकर कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

**जबलपुर हत्या**

जबलपुर के तिमरी गांव में चार लोगों की हत्या कर दी गई। जबकि दो अन्य घायल हैं. पुलिस के अनुसार, गांव में दो परिवारों के बीच जुआ खेलने से रोकने पर विवाद चल रहा था। आज सुबह इनमें से एक पक्ष के लोग गांव की ही दुकान पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान जुआ खेलने के आरोपी परिवार ने उन पर चाकू, लाठी और डंडों से हमला कर दिया। पाटन विधायक अजय विश्नोई, कलेक्टर दीपक सक्सेना और एसपी संपत उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे।

**संक्षेप**

- **खण्डवा में** राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत माह फरवरी में होने वाले विशेष अभियान के संबंध में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।
- मंदसौर जिले के टीबी मुक्त भारत अभियान में बेहतर कार्य करने पर जिला क्षय अधिकारी को सम्मानित किया गया। अभियान में मंदसौर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।
- देवास जिले में आनंद उत्सव 2025 के अंतर्गत 14 से 28 जनवरी के मध्य नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों एवं ग्रामों में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।
- राजगढ जिले में राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।
- आगरमालवा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9वी से 12वीं में अध्ययनरत आईटी ट्रेड के 70 छात्र-छात्राओं ने ई-दक्षता संवर्धन केंद्र का भ्रमण किया.
- 6. शिवपुरी जिले में कल गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। और

- नर्मदापुरम जिले में पिछले एक सप्ताह से मौसम में उतार-चढ़ाव बना हुआ है, जिससे ठंड कभी कम तो कभी ज्यादा पड़ रही है।

..............................